Mobile No.- 9473942572 E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

पत्रांक 374 / M.O / 50 दिनांक 06.05.2026


सेवा में

प्रबन्ध निदेशक
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय : **शासन से प्राप्त समाचार पत्र की कटिंग पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली दैनिक समाचार पत्र कटिंग, हिन्दुस्तान दिनांक 06.05.2026 के सन्दर्भ में चाही गयी आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित –

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम / प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग / जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | हिन्दुस्तान बरेली दिनांक 06.05.2026 | **महज कागजों पर चमकी योजना, हकीकत में अब तक शुद्ध पानी का इंतजार–**<br><br>**कागजों पर चमकी योजना, हकीकत में शुद्ध पानी का इंतजार**<br> | **विकास खण्ड मीरगज मे ग्राम पंचायत पैगा नगरी** पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय एवं पम्प हाउस का कार्य निर्माणाधीन है , पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 90% , पूर्ण कर लिया गया है। कनैक्शन का कार्य प्रगति पर है।<br><br>उक्त पेयजल योजना परिसर ग्राउन्ड लेवल से लगभग 1.5 मी0 नीचे होने के कारण कुछ समय से कार्य बंद था वर्तमान में कैम्पस में मिट्टी भराव का कार्य प्रगति पर है।<br><br>**ग्राम पंचायत सिधौली** पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण हो गया है , पम्प हाउस एवं बाउन्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य प्रगति पर है।<br>**ग्राम पंचायत सिलारपुर खमरिया सनी** पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण हो गया है , पम्प हाउस एवं बाउन्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 95 प्रतिशत तक पूर्ण है पेयजल कनेक्शन का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से पेयजल सप्लाई चल रही है।<br>**ग्राम पंचायत सुजातपुर** पेयजल योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय का कार्य TB-3 | |

obile No.- 9473942572 E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | तक पूर्ण हो गया है , पम्प हाउस एवं बाउन्ड्रीवाल का कार्य पूर्ण है, पेयजल पाइप लाइन बिछाने, का कार्य 95 प्रतिशत तक पूर्ण है पेयजल कनेक्शन का कार्य 95 प्रतिशत पूर्ण ग्राम में डायरेक्ट पम्प के माध्यम से पेयजल सप्लाई चल रही है। | |

अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि– सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
3. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता

# महज कागजों पर चमकी योजना, हकीकत में अब तक शुद्ध पानी का इंतजार

बरेली/मीरगंज, हिन्दुस्तान टीम। जिले में जल जीवन मिशन योजना कागजों पर जितनी दमदार नजर आ रही है, हकीकत में उससे दूर है। यह हम नहीं ग्रामीणों के साथ ही जनप्रतिनिधि भी कह रहे हैं। वर्षों बीतने के बाद भी तमाम घर शुद्ध पेयजल के लिए तरस रहे हैं। योजना के तहत पाइप लाइन डालने के लिए सड़कें तो खोदी गईं मगर तमाम जगह उनकी मरम्मत ही नहीं हुई।

जल जीवन मिशन के तहत बरेली जिले में 876 वाटर ओवरहेड टैंक का निर्माण होना है। इनमें से 875 पर काम शुरू कर दिया गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, 891 गांवों में ट्यूबवेल का निर्माण पूर्ण हो चुका है। 854 में बाउंड्री वॉल बन चुकी है। 846 में पंप हाउस भी तैयार हो चुके हैं। 552 में ओवरहेड टैंक का निर्माण हो चुका है। योजना के तहत 365 गांवों में पानी सप्लाई का ट्रायल चल रहा है। आंकड़े देखने में काफी दमदार नजर आ रहे हैं मगर हकीकत में तस्वीर इतनी खूबसूरत नहीं है।

तमाम गांवों में ट्यूबवेल और पाइपलाइन बिछाने के बाद सिर्फ पेयजल आपूर्ति की टेस्टिंग करके छोड़ दी गई है। पाइप लाइन बिछाने के बाद खोदी गई सड़कों की तमाम गांवों में मरम्मत ही नहीं हुई है। बार-बार यह मुद्दा दिशा की बैठक में उठता रहा है। उसके बाद भी कोई समाधान नहीं निकला।

## बजट के हिसाब से हो रहा कार्य

इस बारे में एक्सईएन कुमकुम गंगवार ने बताया कि हमारे पास जैसे-जैसे बजट आता है, वैसे-वैसे कार्य कराया जाता है। जो आंकड़े दिए गए हैं, वो पूरी तरीके से सही हैं। जमीन पर लोगों को योजना का खासा लाभ मिल रहा है। आने वाले दिनों में बजट के अनुरूप योजना का और विस्तार होगा।

## टेस्टिंग के बाद नहीं भरा गया पानी

मीरगंज ब्लाक के सबसे अधिक आबादी वाले गांव सिंधौली में आश्रम के पास नलकूप व ओवरहेड टैंक बना है। टैंक में टेस्टिंग के बाद से पानी नहीं भरा है। शटरिंग नहीं खुली है। गांव के 80 प्रतिशत हिस्से में पाइप लाइन नहीं बिछी है। मजदूर मजदूरी को ठेकेदार को तलाश कर रहे हैं लेकिन वह गांव नहीं लौटा। मजबूरी में ग्रामीण घरों में लगे नलों का पानी उबालकर पी रहे हैं।


## परियोजना का हाल




### आज तक नहीं आया पानी

पैगानगरी में रोड किनारे खड्डे में पैगानगरी और नौगवां को पेयजल आपूर्ति करने को ओवरहेड का निर्माण शुरू हुआ था। नलकूप चालू होने पर दोनों गांवों में पाइप लाइन बिछा दी। घरों में कनेक्शन भी किए लेकिन ओवरहेड टैंक के पिलर बनाकर एक वर्ष पूर्व काम बंद कर दिया गया। घरों को दिए कनेक्शनों की टोंटी भी टूट गई। घरों में पानी आज तक नहीं आया। आफर हुसैन और लादेन मंसूरी ने बताया, टैंक निर्माण को अधिकारियों को कई बार प्रार्थना पत्र दे चुके हैं लेकिन टैंक नहीं बना।

### टेस्टिंग के बाद नहीं लौटी टीम



सिल्लापुर गांव में वर्ष 2022 में सिल्लापुर, खिरकटी एवं खमरिया सानी गांव के घरों में पेयजल उपलब्ध कराने को ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया गया। टैंक बनने पर एक बार टेस्टिंग को टैंक भरा गया। उसके बाद ठेकेदार और लेबर लौट कर गांव नहीं आई। टैंक की अभी तक शटरिंग भी नहीं खुली है। न रंगाई हुई न पुताई। नलकूप से सीधे पाइप लाइन को पानी सप्लाई हो रही है। प्रधान यशवंत सिंह ने बताया गांव में की स्थानों पर पाइप लाइन में लीकेज है।



### टेस्टिंग में ही क्रैक हुआ टैंक

सुजातपुर में तीन गांवों को पेयजल आपूर्ति करने को ओवरहेड टैंक व नलकूप बना। टेस्टिंग में ही ओवरहेड टैंक क्रैक हो गया। ठेकेदार ने जांच होने पर पिलर के ऊपर का टैंक हटा दिया था। प्रधान फिरोज अहमद ने बताया उसके बाद दोबारा टैंक नहीं बना। मौके पर पिलर खड़े हैं। शटरिंग लगी हुई है। नलकूप से सीधे पानी की सप्लाई हो रही है पाइप लाइन कुछ गलियों में अभी तक नहीं बिछी है। पाइपलाइन की लीकेज की रिपेयरिंग नहीं हुई है।